प्रेस नोट- दिनांक 09.10.2024

थाना जरीफनगर टीम को मिली बडी सफलता " नकबजनी कर चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार पीतल के बर्तन व आभूषण बरामद किये गये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ के आदेशा नुसार जनपद में चलाये जा रहे लूट/ नकबजनी के अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बदायूँ के निर्देशानुसार तथा क्षेत्राधिकारी सहसवान के पर्यवेक्षण में दिनाँक 08.10.2024 को थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण 1.जुबरान पुत्र शकील मनिहार 2.भानूप्रताप पुत्र बृजपाल निवासीगण मिड्डनपुर थाना जुनावई जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया गया, जिसके सम्बन्ध में थाना जरीफनगर पर मु0अ0स0 262/2024 धारा 305(a)/331(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

दिनांक 28/29-09-2024 की रात्रि थाना जरीफनगर क्षेत्र के ग्राम उस्मानपुर में बंद घर मे से नकब लगा चोरी की गयी, जिसके सम्बन्ध में थाना जरीफनगर पर मु0अ0स0 251/24 धारा 305(a)/331(4) बीएनएस पंजीकृत है जिसमे चोरी किया गया समान शत:प्रतिशत पीतल के बर्तन व आभूषण को अभियुक्तगण उपरोक्त की निशादेही पर बरामद किया गया अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण

दिनांक 28/29-09-2024 की रात्रि में थाना क्षेत्र के गांव उस्मानपुर मे एक घर मे से घर के पीछे से दीवार से नकब लगाकर कुछ अज्ञात चोरो द्वारा घर से पीतल के बर्तन चोरी किये गये थे जिसके सम्बन्ध में थाना पर मु0अ0स0 251/2024 धारा 305(a)/331(4) बीएनएस पंजीकृत है तथा दिनांक 08.10.2024 को ग्राम हिम्मानगला मजरा दियोहरा शेखपुर थाना जरीफनगर जनपद बदांयूँ में चोरी करने के लिए बंद मकान की तलाश कर रहे अभियुक्तगण 1.जुबरान 2.भानूप्रताप जिसमे अभियुक्त जुबरान के पास एक लोहे का कटर था जिससे बंद घरो के ताले /कुण्डा तोडे जाते थे गांव में मौजूद कुछ व्यक्तियों को अभियुक्त जुबरान पर संदेह हुआ तो अभियुक्तगण को पकड़ कर स्थानीय थाना को सूचित किया गया मौके पर थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा अभियुक्तगण उपरोक्त को पकडकर थाना लाया गया तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोंग पंजीकृत किया गया।

पूछताछ का विवरण

गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तगण से पूछताछ की गयी तो पूछताछ मे दोनो ने एक स्वर मे कहा साहब हम गांजे का नशा करते है तथा अपने शोकमौज मस्ती करने के लिये बन्द घरो मे ताला तोडकर,नकब लगाकर चोरी करते है तथा ताला तोड़ने व नकब लगाने के लिये अपने साथ लोहे के औजार रखते है दिनांक 05.10.2024 को हम दोनो द्वारा ग्राम हिम्मा नगला मजरा दियोहरा शेखपुर गांव के किनारे बन्द पड़े मकान में हमने लोहे के कटर से ताला तोड़कर दो कमरो से बरतनों आदि चोरी किये थे जिनको हमने एक जूट के बोरे में बंद करके एक स्थान पर गढ्ढे में छिपा कर रख दिये थे तथा आज से करीब दस दिन पहले हमने ग्राम उस्मानपुर से रात्रि के समय एक बंद बडे मकान में पीछे से नकब लगाकर घर मे से कमरे में रखे बड़े संदूक में से 10 बर्तन पीतल के थे जो पुराने थे इसके अलावाँ एक जोड़ी पाजेव चाँदी रेशमपट्टी, एक जोड़ी पाजेव सादा चाँदी,एक जोड़ी टाप सोने के चाँदी का गुच्छा तथा कुछ नगद रूपये चोरी कर लिये थे जिनको हमने एक सफेद प्लास्टिक के बोरे मे रखकर एक स्थान पर गढ्ढे में छिपाकर रख दिये थे दोनो जगहों से चोरी किये गये सामान को हमने एक ही स्थान पर छिपाकर रख दिये थे चोरी किये गये सामान को हम लोगो को बेचना का मौका नही मिल सका था हम एक दो दिन मे इस चोरी किये गये सामान को किसी को बेचने वाले थे हम फिर ग्राम हिम्मा नगला में किसी बंद घर में चोरी करने के लिए घूम रहे थे कि आप लोगो ने पकड़ लिया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त

1.जुबरान पुत्र शकील मनिहार

2.भानूप्रताप पुत्र बृजपाल निवासीगण मिट्ठनपुर थाना जुनावई जनपद सम्भल

अपराधिक इतिहास

1.मु0अ0स0 251/24 धारा 305(a)/331(4)/317(2) बीएनएस

2.मु0अ0स0 262/24 धारा 305(a)/331(4)/317(2) बीएनएस

बरामदगी का विवरण-

मु0अ0स0 262/24 धारा 305(a)/331(4)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी गये माल (ग्राम हिम्मा नगला मजरा दियोहरा शेखपुर गांव)

एक परात, एक कटोरदान मे ढक्कन, एक पतीली, एक गिलास, एक लौटा , एक चम्चा, एक गोल्टा, एक पतीली, एक परात, दो तोला, एक वाल्टी पीतल --कुल कीमत करीब 12000 हजार रूपये।

मु0अ0स0 251/24 धारा 305(a)/331(4)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी गये माल (दिनांक 28/29-09-2024 की रात्रि थाना जरीफनगर क्षेत्र के ग्राम उस्मानपुर में बंद घर मे से नकब लगा चोरी की गयी।)

पीतल के बर्तन 01 थाली, 01 बेला , 01 कलछा, 01 परात , 01 लोटा , 02 ग्लास एक पतीली एक कटोरी एक चमच्च सभी पीतल के बर्तन थे जो पुराने थे इसके अलावाँ एक जोड़ी पाजेव चाँदी रेशमपट्टी , एक जोड़ी पाजेव सादा चाँदी , एक जोड़ी टाप सोने के, चाँदी का गुच्छा कुल कीमत करीब 55 हजार रूपये।

गिरफ्तारी करने वाली टीम

1.थानाध्यक्ष रविकरन सिंह थाना जरीफनगर बदायूँ

2.उ0नि0 श्री मुकेश त्यागी थाना जरीफनगर बदायूँ

3.उ0नि0 श्री गुलजारी सिंह थाना जरीफनगर बदायूँ

4.का0 1311 प्रभात चौधरी थाना जरीफनगर बदायूँ

5.का0 1906 अमित कुमार थाना जरीफनगर बदायूँ

6.हे0का0 हिटलर खां थाना जरीफनगर बदायूँ

7.हे0का0 गौरव चौधरी थाना जरीफनगर बदायूँ

8.का0 113 विनोद कुमार थाना जरीफनगर बदायूँ

सोशल मीडिया सैल,

बदायूँ।